## खबर संक्षेप



### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ

**सिलौंडी।** ग्राम पंचायत खमरिया बागरी में विष्णु महायज्ञ की 13वीं वर्षगांठ पर श्रीमद भागवत कथा का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ । खमरिया बागरी की कन्यायें कलश लेकर बैंड बाजा के कथावाचक पण्डित मानवेंद्र शास्त्री के मार्गदर्शन में गांव में कलश यात्रा में भ्रमण किया। सभी ग्राम वासियों की उपस्थिति में एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा चौसठ योगिनी मढिया से शुरू हुई। गांव के भक्तों ने घर के सामने श्री भागवतजी का पूजन अर्चन किया। सरपंच अनिल सिंह बागरी, देवी सिंह बागरी ,प्रकाश सिंह बागरी , प्रताप सिंह बागरी,संतोष बर्मन सहित ग्राम के बड़े बुजुर्ग महिलाएं युवा और बच्चे बड़े उत्साह से कलश यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ लिया।

### नशा करने मांगे पैसे, नहीं देने पर दी धमकी

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत मुडवारा रोड पर एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ित से स्मैक पीने के लिए पैसों की मांग की थी, जिसे न देने पर उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार राजन सिंह 46 वर्ष जो मूल रूप से गाजीपुर उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और वर्तमान में सर्किट हाउस के पास रह रहे हैं, 15 जनवरी की सुबह करीब 9:30 बजे सिविल लाइन इंजीनियरिंग ऑफिस के पास मुडवारा रोड पर थे तभी दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें घेर लिया और स्मैक पीने के लिए पैसों की मांग करने लगे। जब राजन सिंह ने पैसे देने से इनकार कर दिया तो दोनों आरोपियों ने एक राय होकर गालियां देनी शुरू कर दीं। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296बी, 119(1), 351(2), 3(5) BNS एवं 294, 327, 506, 34 IPC। के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### बरगवां से टेलीफोन केबल चुरा ले गये बदमाश

**कटनी।** बरगवां स्थित आस्था प्लाजा के सामने से अज्ञात चोरों ने टेलीफोन केबल पार कर दी है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी उमेश नामदेव 42 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 15 जनवरी की सुबह अज्ञात व्यक्ति ने टेलीफोन केबल चोरी कर ली। चोरी गई केबल की अनुमानित कीमत लगभग 6,000 रुपये बताई जा रही है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 303(2) के तहत मामला कायम किया है।

### प्लेसमेंट ड्राइव 28 से

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को सुरक्षा क्षेत्र में करियर बनाने का अवसर प्रदान करने हेतु जिला रोजगार कार्यालय एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में जी.डी.एक्स सिक्योरिटी सर्विसेस इण्डिया लिमिटेड, नोएडा द्वारा सुरक्षा जवान और सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए जनपद स्तर पर प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि जनपद स्तर पर आगामी 28 जनवरी से 4 फरवरी तक सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किये जायेंगे। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत बहोरीबंद में 28 जनवरी को, विजयराघवगढ़ में 29 जनवरी को, बड़वारा में 30 जनवरी को, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 2 फरवरी को, जनपद पंचायत रीठी में 3 फरवरी को और जनपद पंचायत कटनी में 4 फरवरी को प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किये जायेंगे।

---

एसडीएम के निर्देश के बाद भी एनवीडीए व टनल कम्पनी के अधिकारियों ने नहीं दिया ध्यान

# अब तक नहीं बनाया गया वैकल्पिक मार्ग, किया जाएगा विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ स्लीमनाबाद





स्लीमनाबाद में टनल निर्माण कार्य के चलते स्लीमनाबाद पुराने हाइवे पर पहुंच गया है जिसके कारण 10 जनवरी की रात से उक्त मार्ग टनल निर्माण कम्पनी के द्वारा मिट्टी डालकर आवागमन बंद कर दिया गया है। मार्ग बंद होने से राहगीरों के साथ साथ स्थानीय लोगों को आवागमन करने भारी दिक्क़तो का सामना करना पड रहा है।

आवागमन हेतु कोई भी वैकल्पिक मार्ग आसपास से नही बनाया गया। 12 जनवरी को जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी ने भी एसडीएम से चर्चा समस्या से निजात दिलाने की मांग की जिसके बाद 12 जनवरी की शाम एसडीएम राकेश चौरसिया स्लीमनाबाद पुराने हाइवे पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया जहाँ टनल निर्माण कम्पनी के अधिकारी- कर्मचारियों के साथ वैकल्पिक मार्ग बनाये जाने को लेकर जगहों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने टनल निर्माण कम्पनी के अधिकारियो को दो दिवस में वैकल्पिक मार्ग बनाये जाने को लेकर आदेशित किया था लेकिन अब तक कोई पहल नहीं की गई।

### आवागमन में हो रही परेशानी

एसडीएम के आदेश के बाद तीन दिवस का समय बीत गया है। एनवीडीए व टनल निर्माण कम्पनी के अधिकारियो द्वारा वैकल्पिक मार्ग बनाये जाने को लेकर कोई ध्यान नही दिया गया जिस कारण स्थानीय रहवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मार्ग बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी स्थानीय रहवासियों को हो रही है क्योंकि यदि बस्ती के लोगों को तिराहा या तिराहा के लोगों को बस्ती आना है तों 4-5 किलोमीटर की चक्कर फोरलेन मार्ग से लगाना पड़ता है। यदि दिनभर में किसी कार्य से 8 से 10 बार बार आना - जाना पड जाये तों समय की खराबी व अत्यधिक ईंधन का खर्च होता है। साथ ही फोरलेन मार्ग में वाहनों की धमाचौकड़ी से आवागमन करना दुशवार है क्योंकि दुर्घटना का अंदेशा हमेशा बना रहता है। प्रशासन से मांग की गईं कि जल्द से जल्द वैकल्पिक मार्ग बनाया जाये, क्योंकि टनल खुदाई मै कितने दिन लगेंगे इसकी कोई निश्चित समयावधि नही है।

### करेंगे विरोध प्रदर्शन

जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी का कहना है कि आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग की नितांत जरूरत है, यदि आगामी एक-दो दिनों में वैकल्पिक मार्ग नही बनाया जाता तो फिर प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

### इनका कहना है

एसडीएम राकेश चौरसिया का कहना है कि स्लीमनाबाद पुराने हाइवे बंद होने से स्थानीय जनों को आवागमन करने के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाये जाने को लेकर टनल निर्माण कम्पनी के अधिकारियो को आदेशित किया गया था।अब तक वैकल्पिक मार्ग क्यों नही बनाया गया इसकी जानकारी लूंगा ओर स्वयं निरीक्षण कर समस्या निजात दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

---

# जिले की बहनों के खातों में 35 करोड़ की राशि की गई अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना के तहत कटनी जिले की 2 लाख 38 हजार 947 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 32वीं किस्त के तौर पर 35 करोड 4 लाख 76 हजार 300 रूपये की राशि का अंतरण किया।

नगर निगम ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा और जिला पंचायत सीईओ हरसिमरन प्रीत कौर सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यहां उपस्थित हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री के संबोधन के सीधे प्रसारण को देखा और सुना। जिले की सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कटनी जिले की जनपद पंचायत बड़वारा की 39 हजार 312 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड 78 लाख 86 हजार 800 रूपये अंतरित किये गए। इसी तरह जनपद पंचायत बहोरीबंद की 40 हजार 100 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड 88 लाख 13 हजार 400 रूपये, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की 37 हजार 177 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड 45 लाख 31 हजार 100 रूपये, जनपद पंचायत कटनी की 27 हजार 696 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 4 लाख 45 हजार 400 रूपये, जनपद पंचायत रीठी की 25 हजार 770 पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड 78 लाख 83 हजार 600 रूपये, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की 34 हजार 800 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड 11 लाख 96 हजार 400 रूपये अंतरित किये।

नगर निगम कटनी की 28 हजार 53 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड़ 8 लाख 97 हजार 900 रूपये नगर परिषद बरही की 2 हजार 298 पात्र महिलाओं के खाते में 33 लाख 82 हजार 800 रूपये, नगर परिषद कैमोर की 2 हजार 265 पात्र महिलाओं के खाते में 32 लाख 74 हजार 500 रूपये तथा नगर परिषद विजयराघवगढ़ की 1 हजार 476 पात्र महिलाओं के खाते में 21 लाख 64 हजार 400 रूपये अंतरित किये गए।

---

जिले भर के थाना एवं चौकी क्षेत्रों में पुलिस ने चलाया अभियान

# 172 वारंटियों को दबोचा, गुण्डा बदमाशों के ठिकानों में दबिश, अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधियों के मन में खौफ पैदा करने के उद्देश्य से बीती रात पुलिस द्वारा 'नाइट कॉम्बिंग अभियान' चलाया गया। जिले भर के थाना एवं चौकी क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई एवं अनावश्यक घूमने वालों को कड़ी ताकीद दी। काम्बिंग गश्त के दौरान 127 वारंटियों और अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। नाइट कॉम्बिंग अभियान के दौरान पुलिस ने सालों से फरार चल रहे अपराधियों को ढूंढ निकाला। इसमें 37 स्थायी वारंटी गिरफ्तार किए गए जो लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहे थे। 52 गिरफ्तारी वारंटी पकड़े गए, जिन्हें आज न्यायालय में पेश किया गया। इसके अतिरिक्त 63 जमानती वारंट और 54 समंस की तामीली भी सुनिश्चित की गई।

सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वाले 12 चालकों के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर उनके वाहन जब्त किए गए। आबकारी एक्ट के तहत 24 प्रकरण दर्ज कर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई। साथ ही आर्म्स एक्ट के तहत 02 आरोपियों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने जिले के 34 निगरानी बदमाशों और 43 गुंडा बदमाशों की उनके ठिकानों पर जाकर चेकिंग की। साथ ही जुआ-सट्टा खिलाने वालों पर भी कार्रवाई करते हुए 06 प्रकरण दर्ज किए गए। शांति भंग की आशंका को देखते हुए बीएनएसएस (BNSS) की विभिन्न धाराओं के तहत 95 व्यक्तियों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई। देर रात तक मुस्तैद रही। अभियान के दौरान प्रमुख चौराहों, एटीएम और बैंकों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा। बिना कारण घूमने वाले संदिग्धों को सख्त चेतावनी दी गई, वहीं देर रात यात्रा करने वाले परिवारों और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई।

---

## विद्यालय का किया निरीक्षण, बच्चों से पूछे सवाल



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधान अनुसार हर बच्चा निपुण बने इसी आशय को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर द्वारा जिले की निपुण प्रस्तावित 153 शालाओं के कक्षा दूसरी एवं तीसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों की कार्यशाला डाइट कटनी में आयोजित कराई गई। कार्यशाला उपरांत बच्चों में समझ की जांच हेतु डाइट कटनी से व्याख्याता राकेश सिन्नरकर ने जनपद शिक्षा केंद्र ढीमरखेड़ा अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र दशरमन अंतर्गत आने वाली निपुण प्रस्तावित शासकीय प्राथमिक शाला बरहटा शासकीय प्राथमिक शाला बसहरा शासकीय प्राथमिक शाला डाला एवं जन शिक्षा केंद्र सिलौंडी से शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला अतरसूमा का अनुवीक्षण किया। इन शालाओं में बच्चों का शैक्षणिक स्तर निपुण लक्ष्य के करीब पाया गया। बच्चों से जोड़ना हासिल वाले घटाना भाग व इबारती सवाल पूछे गए जिसका जवाब बच्चों ने तत्परता से दिया हिंदी भाषा अंतर्गत बच्चों से कहानी पढ़ाई गई। विद्यालयों में पुस्तकालय सक्रिय बच्चों के लेनदेन कार्ड बने पाए गए। विद्यालयों में बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों से भी चर्चा की गई एवं आवश्यक सुझाव भी दिए गए विद्यालयों में बच्चों को फ्लोर गेम के उपयोग टीएम का उपयोग आदि विषयों पर भी विस्तार से बतलाया गया अनुवीक्षण के दौरान जन शिक्षक सत्यदेव महोबिया एवं संतोष बर्मन भी मौजूद रहे।

---

# बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए बैंक प्रबंधन को कैमरे एवं गार्डों की सतर्क तैनाती के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा बैंकिंग व साइबर अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से कटनी पुलिस द्वारा शुक्रवार को जिलेभर में बैंकों एवं एटीएम की सघन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने विभिन्न बैंकों के परिसरों का गहन निरीक्षण किया।

जांच में मुख्य प्रवेश द्वार, एटीएम कक्ष, काउंटर एरिया तथा पार्किंग स्थलों की भौतिक जांच की गई। इस दौरान बैंक प्रबंधन को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इनमें सीसीटीवी कैमरों की नियमित निगरानी, अलार्म सिस्टम की सुचारु कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा गार्डों की सतर्क तैनाती पर विशेष जोर दिया गया।


पुलिस टीमों ने बैंक में मौजूद ग्राहकों से भी संवाद कर उन्हें लेन-देन के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने तथा साइबर एवं बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि आमजन की सुरक्षा, सुरक्षित बैंकिंग व्यवस्था और अपराध-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग, सतर्कता एवं जागरूकता बनाए रखने की अपील की है, ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।

---

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अनियमितताएं दूर करने एवं सुविधाये मुहैया कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन

# मांगे पूर्ण करने सीएमएचओ के आश्वासन के बाद भूख हड़ताल की गई समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बड़वारा



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त अनियमितताओं एवम डॉक्टरों की कमी व बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर बड़वारा ब्लाक कांग्रेस पार्टी के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर विगत 14 जनवरी से निरन्तर भूख हड़ताल की जा रही थी जिसमे प्रमुख मांगें थीं बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में स्थायी ब्लाक मेडिकल आफीसर की पद स्थापना किया जाना, महिला चिकित्सक को पदस्थ किया जाना, एम्बुलेंस की सुचारू व्यवस्था, जनरेटर की व्यवस्था किया जाना, सोनो ग्राफी मशीन उपलब्ध करवाना, मरीजों के परिजनों को स्वास्थ्य केंद्र में ठहरने के लिए रेन बसेरा बनवाये जाने की मुख्य मांगें थीं।

धरना स्थल पर पहुंचे सीएमएचओ एवम तहसीलदार बड़वारा तहसीलदार रिषि गौतम एवम जिला कटनी के स्वास्थ्य विभाग के मुखिया मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राज सिंह बड़वारा में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं के द्वारा जन हितकारी मांगों को लेकर किये जा रहे धरना स्थल पर पहुंचे। मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राज सिंह ने मांगों पर त्वरित संज्ञान लेकर कार्रवाई करने व वैकल्पिक व्यवस्था बनवाने तथा शासन स्तर से पुख्ता व्यवस्थाए बनवाये जाने के साथ ही सभी मांगों को नियमानुसार पूर्ण करबाने का आश्वासन प्रदान किया तथा भूख हड़ताल में बैठे सभी पदाधिकारियों को नारियल पानी पिलाकर अनशन तुड़वाया।

इस दौरान मुख्य रूप से विकास निगम अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस बड़वारा, ओमकार सिंह जिलाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस कटनी, एन डी तिवारी मंडलम अध्यक्ष, ठाकुर चन्द्र भान सिंह,शैलेष जायसवाल विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस बड़वारा, जनपद सदस्य सुनिल सिंह, डॉ राजेश सिंह चौहान ,संदीप सिंह, ओंकार गौतम,रंजीता सिंह, प्रभा सिंह,अजय सिंह, ,कृष्ण कुमार सोनी (झल्लू सोनी), माधव तिवारी, जित्तू गुप्ता, संदीप बैरागी, श्याम बिहारी राय, रणजीत सिंह, सिंह,शिवचरण चौधरी चैनी भैया, राम अवध कचेर, शरद खटीक, शहजाद खान राहुल मोगरे मनीष पटेल नीरज अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

---

## नोडल अधिकारी एवं सुपरवाईजर नियुक्त, बीएलओ भी रहेंगे मौजूद

# मुड़वारा विधानसभा अंतर्गत 21 शैक्षणिक संस्थानों में आज लगेंगे विशेष कैंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा के अंतर्गत 21 हायर सेकेण्डरी स्कूलों, महाविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में शनिवार 17 जनवरी को विशेष कैंपों का आयोजन किया जायेगा। इसके लिये निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने नोडल अधिकारियों और सुपरवाईजरों की ड्यूटी लगाई है।

इसके तहत शासकीय तिलक महाविद्यालय, शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, शासकीय आईटीआई, कटनी डिग्री कॉलेज, कटनी आर्ट्स एण्ड कॉमर्स कॉलेज, वारडोली महाविद्यालय लखेरा एवं टेवाईट महाविद्यालय पिपरौंध में शनिवार 17 जनवरी को लगने वाले शिविर के लिये सहायक प्राध्यापक रूक्मणी प्रताप सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जबकि क्रमशः सुनील सिंह, विकास बघेल, अवधेश दाहिया, सुनील सिंह, सागर नायक, डॉ. रवि कटारिया, संजय मिश्रा और खिलेश सार्वे को सुपरवाईजर बनाया गया है।

इसके अलावा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी निवार का नोडल अधिकारी आलोक पाठक को व सुपरवाईजर मान सिंह बरकड़े को, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्हवारा में शनिवार को लगने वाले मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के शिविर के लिये नोडल अधिकारी वीरेन्द्र कुमार मरकाम और सुपरवाईजर जयेश दुबे को बनाया गया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदुआ में शिविर के दौरान एन एम अर्नाल्ड को नोडल अधिकारी और रामनारायण द्विवेदी को सुपरवाईजर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरौंध में नोडल अधिकारी सपना मिश्रा को और सुपरवाईजर राजकुमार गुप्ता को और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेंकट वार्ड में नोडल अधिकारी साधना यादव और सुपरवाईजर विनय मोहन दुबे को तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरखरी नंबर 1 का नोडल अधिकारी बीएलओ रोहित को और सुपरवाईजर प्रहलाद माशूकर को और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या सिविल लाइन का नोडल अधिकारी राजेश तिवारी को तथा सुपरवाईजर अमर सिंह गहरवार को तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोबीकला का नोडल अधिकारी आर के पटेल को एवं सुपरवाईजर अशोक कुमार चक्रवर्ती को तथा पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलवाराकला का नोडल अधिकारी एन पी गुप्ता को और सुपरवाईजर सौकीलाल सूर्यवंशी को तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एनकेजे का नोडल अधिकारी आर के चक्रवर्ती और सुपरवाईजर डॉ. सरदार दिवाकर एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर का नोडल अधिकारी एम किडो को और सुपर वाईजर मृदुल श्रीवास्तव को तथा शासकीय मॉडल कटनी का नोडल अधिकारी अजय शंकर पाण्डेय को और सुपरवाईजर राशि मिश्रा को तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़ौला का नोडल अधिकारी पितृपाल सिंह को और सुपरवाईजर रमा गोविंद पटेल को बनाया गया है।

शनिवार को इन शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित होने वाले विशेष कैंपों में संबंधित बीएलओ नोडल अधिकारी व सुपरवाईजर प्राप्त फार्मों को ऑनलाईन करेंगे और 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले मतदाताओं का फार्म 6 भी भरवायेंगे।

---

# अवैध परिवहन पर ट्रेक्टर-ट्राली जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बड़वारा



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं डीएसपी मुख्यालय श्रीमति उषा राय के मार्गदर्शन में ग्राम गुड़ा मोड़ में अवैध रुप से रेत परिवहन करते पाये जाने पर ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त किया जाकर कार्यवाही की गई । पुलिस के अनुसार शुक्रवार को दौरान देहात भ्रमण के ग्राम गुड़ा में मेन रोड पर एक हरे रंग का जोंडियर कंपनी का ट्रेक्टर-ट्राली रेत से भरा मिला जिसका नाम पता पूंछा गया जिसने अपना संदीप चौधरी पिता शिवकुमार चौधरी 24 साल निवासी ग्राम गुड़ा कलाँ थाना बड़वारा का होना बताया। ट्रेक्टर ट्राली में लोड रेत के संबंध में कागजात मांगे गये जिसने मौके पर रेत परिवहन के संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नही किया उक्त वाहन को अवैध परिवहन करते पाये जाने पर समक्ष गवाहान वजह सबूत में कब्जा पुलिस लिया गया वापस आकर रेत से भरा ट्रेक्टर ट्राली सुरक्षार्थ खड़ा किया जाकर कार्यवाही की गई । कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि केके पटेल, प्रधान आरक्षक पवनराज, आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी सिंह, आरक्षक गौरीशंकर सिंह, आरक्षक सुरेन्द्र सिंह एवं आरक्षक बृजलाल प्रजापति की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### 19 से 22 जनवरी तक घंटाघर मार्ग रहेगा डायवर्ट

**कटनी।** नगर निगम उपायुक्त शैलेष गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जगन्नाथ चैक से घंटाघर तक मार्ग निर्माण कार्य को दृष्टिगत रखते हुए यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए 19 जनवरी से 22 जनवरी तक उक्त मार्ग से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इस दौरान नागरिकों के आवागमन की सुविधा हेतु मार्ग का डायवर्सन किया गया है। उपायुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि उक्त तिथियों के बीच नागरिक गण अपने वाहनों को घंटाघर जुलूस मार्ग से होते हुए एवं जगन्नाथ चैक से आदर्श कालोनी के मार्ग से आवागमन कर सकते है। मार्ग निर्माण कार्य के चलते नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए उपायुक्त श्री गुप्ता ने खेद व्यक्त किया गया है।

### अपराधी को 3 माह तक थाना में उपस्थित होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने बरही निवासी संतोष गुप्ता पिता स्व. हीरालाल गुप्ता 64 वर्ष के विरूद्ध मध्यबप्रदेश राज्यव सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाना बरही में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टनर श्री तिवारी ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्तर प्रतिवेदन के आधार पर की है। संतोष गुप्ता के विरूद्ध वर्ष 2007 से अब तक बरही थाना में कुल 6 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें गाली-गलौज करना, मारपीट करना और जान से मारने की धमकी देना जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा संतोष के विरूद्ध अब तक 6 बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। संतोष द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री तिवारी ने मप्र राज्यृ सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 3 माह तक पुलिस थाना बरही में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### जिल के हर विकास खंड में घूमेंगे कृषि रथ

**कटनी।** शासन द्वारा वर्ष 2026 को ₹कृषि वर्ष₹ के रूप में मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में कृषि एवं संबंध विषयों जैसे पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्यपालन आदि पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क कायम कर नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकी की जानकारी कृषकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जायद, खरीफ एवं रबी फसलों की बुवाई के एक माह पूर्व (वर्ष में प्रति सीजन एक माह) प्रत्येक विकासखण्ड में एक कृषि रथ चलाया जायेगा। अभियान अंतर्गत जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों का विस्तार, मृदा स्वास्थ कार्ड, आईएनएम/आईपीएम, फसल विविधिकरण, ई- विकास प्रणाली, पराली प्रबंधन, विभागों की प्रमुख योजनाओं, कृषि की उन्नत एवं नवीन तकनीकों तथा नवाचारो की जानकारी कार्यक्रम स्थल पर तकनीकी दल में सम्मलित कृषि वैज्ञानिकों एवं विभिन्न विभागीय शासकीय सेवको द्वारा कृषकों को दी जायेगी।

### श्रीमति रूकमणी सोनी का दुखद निधन

**कटनी।** नगर के प्रतिष्ठित कवि सुरेश सोनी की धर्मपत्नी तथा मीडिया कर्मी आशीष सोनी की माता श्रीमती रुकमणी सोनी का निधन हो गया। शुक्रवार को दोपहर में नदीपार स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हुआ। अंतिम यात्रा उनके बरगवां स्थित निवास से प्रारंभ हुई, जिसमें समाज के हर वर्ग के लोग शामिल हुए। अंतिम संस्कार के दौरान जनप्रतिनिधि, साहित्यकार, मीडिया कर्मी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



---

### इंदौर की घटना के बाद प्रशासन अलर्ट पर, प्राथमिकता से कराया जा रहा गुणवत्ता परीक्षण

# दूषित पानी बना न दें बीमार, पेयजल स्त्रोतों एवं जल सप्लाई पर निगरानी

**जब कोई बहुत बड़ी घटना या वारदात को जाती है सरकारी तंत्र तब ही जागता है। इंदौर में दूषित पानी की वजह से हुई त्रासदी से इस कदर हड़कंप मचा कि अब अधिकारी अलर्ट मोड में है। हालांकि यह सतर्कता कब तक रहती है यह तो समय ही बताएगा। यदि समय रहते किसी कार्य को गंभीरता के साथ कराया जाये तो कई बड़ी घटनायें होने से बच सकती है लेकिन सरकारी तंत्र प्यास लगने पर कुंआ खोदने वाली कहावत पर ही अमल करता है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन एवं कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने के दिये गये निर्देशों के अनुपालन में नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निकाय के प्रमुख वाटर सोर्स, संयंत्रों, ओवरहेड टैंक की साफ-सफाई कराने के साथ ही जल गुणवत्ता परीक्षण कराने का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। वहीं निगम के गठित दल द्वारा पेयजल, सीवर लाइन आदि की सतत निगरानी कर समय पर दुरुस्त कराया जा रहा है।

#### पानी का किया गया परीक्षण

उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में बुधवार तक नगर के समस्त वार्डों में होनें वाली पेयजल आपूर्ति के कुल 330 से अधिक स्थलों से पेयजल नमूनों को संग्रहित किया जाकर परीक्षण किया जा चुका है। केमिस्ट मानेन्द्र सिंह ने बताया कि परीक्षण के दौरान जल गुणवत्ता मानकों के अनुरूप जल पूर्णतः शुद्ध एवं सुरक्षित पाया गया, जो कि नगर वासियों के स्वास्थ्य की दृष्टि से एक अत्यंत सकारात्मक और संतोषजनक परिणाम है।

नगर निगम कटनी द्वारा उपनगरीय क्षेत्र स्थित बाबा नारायण शाह वार्ड, रॉबर्ट लाईन, बाबू जगजीवन राम वार्ड, विवेकानंद वार्ड, राम कृष्ण परमहंस वार्ड मंगल नगर में प्यासी गली, ओवर हैड टैंक क्रमांक 1, अमीरगंज स्थित खेरमाई माता मंदिर के पास नई पानी की टंकी का पेयजल नमूना प्रातःकालीन सप्लाई के दौरान एकत्रित किया जाकर जांच हेतु लैब भेजने की कार्यवाही की गई। वर्तमान में पेयजल के नमूनों के परीक्षण एवं ओवरहेड टैंक सहित पेयजल स्त्रोतों की साफ-सफाई व क्लोरीनेशन का कार्य भी अनवरत रूप से जारी है।

#### 99 शिकायतों एवं आवेदनों का किया गया निराकरण

उपयंत्री ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों को पेयजल संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु जारी किये गए हेल्पलाइन नंबर सहित अन्य माध्यमों से गुरूवार प्रातः तक प्राप्त कुल 78 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है वहीं मंगलवार को आयोजित जल सुनवाई के दौरान प्राप्त 32 आवेदनों में से 21 आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण किया जा चुका है शेष डिमांड संबंधी 11 आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही प्रचलित है जिस पर शीघ्र कार्यवाही पूर्ण कराने के प्रयास किये जा रहे है। नगर पालिका निगम कटनी द्वारा नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं नागरिकों से पेयजल संबंधी किसी भी समस्या से तुरंत हेल्पलाइन नंबर 9351136230 पर सूचित करने का आग्रह निरंतर किया जा रहा है।

---



## रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा बच्चों को सामग्री वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी कटनी के तत्वावधान में एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी की मौजूदगी में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को स्कूल बैग, स्वेटर, पेन ,पेंसिल, कंपास, कॉपी आदि का वितरण वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अभिनंदन शर्मा के द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। छात्रा दीपांजलि एवं ग्रुप द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई जिस पर उत्साहवर्धन करते हुए एसडीएम कटनी द्वारा छात्राओ को 1100 रूपये की नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव श्री शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को रेडक्रॉस सोसाइटी कटनी की योजनाओं व कार्यो की जानकारी प्रदान की गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीएम कटनी श्री चतुर्वेदी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को मन लगाकर अध्यापन कार्य करने, अनुशासन में रहने एवं रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा इस तरह के आयोजन किए जाने की प्रशंसा की गई। साथ ही समाज के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को इस प्रकार की मदद किए जाने पर कलेक्टर श्री तिवारी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन विद्यालय के पूर्व प्रभारी जुगल किशोर चौरसिया द्वारा किया गया। अंत में हितग्राही छात्र-छात्राओं के साथ मुख्य अतिथि एवं समस्त उपस्थित अतिथियों द्वारा भोजन ग्रहण किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस एम सिंह, प्राचार्य चंदन सिंह धुर्वे, निखिल शर्मा, दीपक कुशवाहा, पार्थ सेठिया, अनामिका सोनी, मोहन निगम, घनश्याम चौधरी, करण सिंह ठाकुर, मधुबाला गर्ग, सरिता शर्मा, हेमलता जयपुरिया, आरती तिवारी, सीता लोहार, सुचिता गुप्ता, आशिक महोबिया, स्नेहल डेहेरिया, उर्मिला कोरी, अंकिता राठौर, अरविंद तिवारी, ज्ञानेंद्र हल्दकर, महेंद्र नारायण मिश्रा, लाल बहादुर सोनी, ओमकार दुबे, धनंजय यादव, संजय रावत, प्रतीक सिंह, अनिल अरकरे, सुशील भूमिया, मनीष विश्वकर्मा, निधि चडार, हनी निगम, धर्मपाल बैग आदि की उपस्थिति रही।

---

**बहोरीबंद मुख्यालय में आयोजित हुई जिला स्तरीय आलंपियाड परीक्षा**

## ओलंपियाड परीक्षा से विद्यार्थियों की दक्षता का आंकलन, बेहतर प्रदर्शन पर मिलेगा पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

सरकारी स्कूलों के प्राथमिक - माध्यमिक कक्षा के बच्चों की दक्षता को जांचने के लिए एक साथ चार विषयों की ओलंपियाड परीक्षा आयोजित हुई।पहले यह ओलम्पियाड परीक्षा जन शिक्षा केन्द्र स्तरों पर आयोजित की गई थी।जिसके बाद जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा विकासखंड मुख्यालय स्थित मॉडल स्कूल मै शुक्रवार को आयोजित हुई।

जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा दो दिवस आयोजित है। पहले दिवस शुक्रवार को 271 में से 249 विद्यार्थी उपस्थित हुये। परीक्षा केंद्र का बीआरसी प्रशांत मिश्रा के द्वारा निरीक्षण किया गया।ओलम्पियाड



परीक्षा मैं दूसरी से आठवीं तक के बच्चों की हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान और गणित की दक्षता का इम्तिहान हुआ।

बीआरसी प्रशांत मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 जनवरी शुक्रवार को कक्षा 2 से 3 वहीं 6 से 8 तक के पेपर अलग-अलग हुए।साथ ही 17 जनवरी को कक्षा 4 से 5 व 6 से 8 के पेपर होंगे।

बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर ओएमआर शीट पर दिए गए।ये है ओलंपियाड परीक्षा-विकासखण्ड स्त्रोत समन्यवक ने बताया कि ओलंपियाड एक ऐसी परीक्षा है जिसमें स्कूल के बच्चे शामिल होते हैं। इससे कक्षा दूसरी से आठवीं तक के बच्चों का गणित, विज्ञान, कंप्यूटर टेक्नोलॉजी और इंग्लिश जैसे सब्जेक्ट को दक्षता जांची जाती है। यह परीक्षा छात्रों के समझने-सीखने का मूल्यांकन करती है।

छात्रों को उनके साइंटिफिक रीजनिंग तथा लॉजिकल एबिलिटी के आधार पर जज किया जाता है ताकि आगे की पढ़ाई की रणनीति और सिलैबस को निर्धारित करने में सहायक होती है।जिला स्तरीय परीक्षा में चयनित होने वाले विद्यार्थी आगे अब राज्य स्तर तक जाएंगे।इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को शिक्षा विभाग सम्मानित करेगा।

---

### खेल प्रतियोगिता में विजेता बनने प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम




खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 का विकासखंड स्तरीय ट्रायल का आयोजन शासकीय महाविद्यालय सिलौंडी एवं नेगई खेल मैदान में किया गया। ट्रायल में एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, 400 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, कबड्डी एवं खो-खो सहित विभिन्न खेल विधाओं में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता में सिलौड़ी महाविद्यालय, ढीमरखेड़ा,खम्हरिया बागरी,मुरवारी स्कूल एवं शासकीय कन्या सिलौंडी की टीमें शामिल रहीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयनित खिलाड़ी आज 17 जनवरी एवं 19 जनवरी 2026 को कटनी में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स में सहभागिता करेंगे।इस मौके पर विकासखंड समन्वयक दिनेश कनौजिया, महाविद्यालय प्राचार्य रतिराम अहिरवार,महाविद्यालय खेल अधिकारी चंदन यादव,कपिल बागरी सहित अन्य की उपस्थिति रही।

---

## हरिदास ब्रजधाम में सात दिवसीय बसंतोत्सव पर्व आज से, भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद के आश्रित ग्राम कोहका में स्थित हरिदास ब्रजधाम मंदिर मे सात दिवसीय बसन्तोत्सव पर्व का आगाज आज यानि शनिवार से होगा। सात दिनों तक विविध प्रकार के भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।हरिदास ब्रजधाम मैं भक्तो का तांता बड़ी संख्या मे मत्था टेकने पहुचेंगे।बसंतोत्सव पर्व का आगाज शनिवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ होगा। इस अवसर पर सात दिनों तक संगीतमय भागवत कथा आयोजित की जाएगी।कथा का वाचन पंडित रमाकांत पौराणिक के मुखारविंद से किया जाएगा।

कथा वाचक पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि 23 जनवरी को बसंतपंचमी के पावन अवसर पर बसन्तोत्सव पर्व मनाया जाएगा। दिनभर धार्मिक आयोजन और मध्यरात्रि मैं विश्व कल्याण की कामना को लेकर धर्म ध्वजा अर्पित करते हुए प्रातःकाल हरिदास जी महाराज की सखियों के द्वारा रासलीला की जाएगी।अपनी मन्नतो को लेकर भक्त वैसे तो प्रतिदिन मंदिर पहुँचते है लेकिन बसंत पंचमी के अवसर पर दूसरे राज्यो से भी लोग पहुँचते है।स्लीमनाबाद नगर स्थापित करने मे मंदिर का अहम योगदान-मंदिर के पुजारी गुलाब यादव ने बताया कि यह मंदिर 500 वर्षो पुराना है। जब हमारा भारत देश पराधीन था और अग्रेजो का गुलाम था।तब सन 1820 मैं बिट्रिश गर्वनर कर्नल विलियम हैनरी स्लीमैन स्लीमनाबाद आये जो जबलपुर मैं कमिश्नर का कार्यभार सँभाल रहे थे। कर्नल स्लीमनाबाद के कोई संतान नही थी ।उन्हें जानकारी लगी और कर्नल ने हरिदास मंदिर मे आकर अपनी मन्नत की।कुछ समय बाद कर्नल स्लीमैन को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई।तब कर्नल स्लीमैन ने 96 एकड़ जमीन गोविंद मालगुजार से खरीदकर अपने नामकरण पर स्लीमनाबाद नगर बसाया ।

आज भी कर्नल स्लीमैन के वंशज सालभर मैं एक बार इंग्लैंड से मंदिर दर्शन करने आते है।आज भी स्लीमैन का स्मारक एसडीओपी कार्यालय स्लीमनाबाद में बना हुआ है। वही जबलपुर कमिश्नर कार्यालय में मंदिर का इतिहास काल है जिससे कोई भी कमिश्नर जबलपुर पदस्थ हो वह मंदिर जरूर आता है। हरिदास जी महाराज के इस धार्मिक उत्सव पर दूरदराज से भक्तो का तांता उमड़ता है।

---

**महाविद्यालय में सेवा सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित**

## राष्ट्र के निर्माण मे युवाओं की होती है अहम भूमिका, इसलिए उठो जागो और चल पड़ो

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मैस्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य मै यूथ रेडक्रास के अंतर्गत रेड रिबन क्लब द्वारा सेवा सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने कहा कि युवाओं मै असीम शक्ति होती है, परन्तु आज आवश्यकता इस बात की है कि युवाओं के अंदर शक्ति का जो अनंत स्नोत है उसे जाग्रत किया जाये उन्हें सही दिशा प्रदान की जाये ताकि वे अपनी शक्ति रचनात्मक कार्यों में नियोजित कर सके!वे समझे कि राष्ट्र निर्माण ही सर्वोपरि धर्म है। स्वामी विवेकानंद का विश्व विख्यात व्याख्यान 'उठो जागो ओर चल पडो 'भारत वर्ष मै युवा शक्ति



की आध्यात्मिक ओर सृजनात्मक शक्ति को जाग्रत करने के संदर्भ मै ही था। आज का युवा दिग्भ्रमित है उसके पास असीम शक्ति है परन्तु कही न कही संकल्प शक्ति ओर सही प्रेरणास्त्रोत का अभाव खटकता है। आचार्य चाणक्य ने एक सामान्य बालक चन्द्रगुप्त को सम्राट बना दिया। यह एक आदर्श स्थिति थी,जिस पर हमें गर्व होना चाहिए ओर उससे हमें सीख लेनी चाहिए। हमारी युवा शक्ति नेता जी सुभाषचंद्र बोस व शहीद भगत सिंह जैसी हो, इन लोगों ने राष्ट्र सेवा को सर्वोपरि धर्म माना। उनमे समर्पण, त्याग ओर बलिदान की भावना कूट -कूट कर भरी थी इसलिए आज के परिवेश में अभिभावकों समेत शिक्षकों का उत्तरदायित्व भी बढ़ गया है कि वे बच्चों को सुसंस्कारित करें। उन्हें बताये कि उन्हें परिवार के साथ -साथ समाजोत्थान की बात भी सोचनी चाहिए जिस दिन बच्चों को यह नैतिक बोध हो गया कि उन्हें देश व समाज के लिए कुछ करना है तों यह निश्चित माने कि बात बनते देर नहीं लगेगी। अपने प्राणो की परवाह किये बिना देश की रक्षा मे शहीद होने वाले युवा ही होते है।

रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ राजेश कुशवाहा ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों एवं राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान पर आधरित निबंध, वाद-विवाद व भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई साथ ही पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता से स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का संदेश दिया गया। नशामुक्ति के लिए छात्रों के द्वारा जनजागरूकता रैली निकाली गईं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ प्रीत नेगी ने किया।

---

### खाद वितरण में पारदर्शिता के लिए ई-विकास प्रणाली लागू

## खाद के लिए किसान भाई अब घर बैठे बुक कर सकेंगे ई-टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसानों की सुविधा के लिए उर्वरक वितरण ई-विकास प्रणाली लागू की गई है। इस नई व्यवस्था के तहत अब किसानों को खाद (उर्वरक) प्राप्त करने के लिए लंबी कतारों में नहीं लगना होगा और मोबाईल व कियोस्क सेंटर के माध्यम से वे अपना ई-टोकन प्राप्त कर सकेंगे।

ई-विकास प्रणाली में ई-टोकन प्राप्त करने हेतु किसान ई-विकास प्रणाली पोर्टल etoken.mpkrishi.org पर अपने आधार नंबर और मोबाइल ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीयन होते ही पोर्टल में स्वतः ही 'AgriStack' के माध्यम से किसान की भूमि की जानकारी प्रदर्शित हो जायेगी। कृषकों को प्रदर्शित भूमि की जानकारी के




अनुसार खसरा अनुसार बोई गई फसलों की जानकारी स्वयं ही दर्ज करनी होगी। भूमि के रकबे एवं दर्ज की गई फसल की जानकारी के आधार पर पोर्टल स्वतः ही वैज्ञानिक अनुशंसा अनुसार उर्वरक की गणना कर किसान को आवश्यक कुल उर्वरक की मात्रा प्रदर्शित हो जायेगी।

प्रदर्शित उर्वरक की मात्रा अनुसार किसान अपनी सुविधा अनुसार नजदीकी खाद विक्रय केंद्र (जिला विपणन केन्द्र, मार्केटिंग सोसाइटी, सहकारी समितियों, एमपी एग्रो या निजी विक्रेता) का चयन कर डिजिटल ई-टोकन जनरेट कर सकेंगे। किसान यह भी चयन करेगेंगे कि वे सहकारी समिति के सदस्य है कि नहीं। यदि वे सहकारी समिति के सदस्य है तो वे सहकारी समितियों का विकल्प चयन कर ई-टोकन प्राप्त कर सकेगें। जबकि, सहकारी समिति के सदस्य न होने की दशा में नहीं का चयन कर अन्य नगद उर्वरक विक्रेताओं (जिला विपणन केन्द्र, मार्केटिंग सोसाइटी, एमपी एग्रो या निजी विक्रेता) का चयन कर ई-टोकन जनरेट कर सकेगें।

ई-टोकन जनरेट होने के बाद किसान को निर्धारित तिथि से 3 दिन (अवकाश दिवसों को छोड़कर) के भीतर खाद उठाना अनिवार्य है। 3 दिन उपरांत खाद न लेने पर ई-टोकन स्वतः निरस्त हो जाएगा एवं किसान पुनः ई-टोकन जनरेट कर खाद प्राप्त कर सकेगें। पात्रता अनुसार एक किसान एक माह में अधिकतम 50 बोरी उर्वरक प्राप्त कर सकता है। दोबारा खाद की आवश्यकता होने पर 30 दिन के अंतराल के बाद ही अगला टोकन बुक किया जा सकेगा। जिन किसानों (ट्रस्ट, पट्टा या सिकमी एवं अन्य) पंजीकरण करने के बाद भी भूमि की जानकारी का डेटा पोर्टल पर नहीं दिख रहा है, वे कृषक पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपनी खसरा अनुसार जानकारी दर्ज करेगें। इसका सत्यापन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) द्वारा किया जावेगा। तत्पश्चात कृषक अपना टोकन जनरेट कर सकेगें।

#### कालाबाजारी होगी खत्म

उपसंचालक कृषि ने बताया कि ई-विकास प्रणाली से खाद की कालाबाजारी और बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त होगी। रीयल-टाइम डेटा के माध्यम से उर्वरक की मांग और आपूर्ति पर सटीक नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर विदिशा, जबलपुर और नर्मदापुरम जैसे जिलों में इसके सकारात्मक परिणाम देखे गए हैं। जहाँ हजारों किसानों को बिना किसी असुविधा के खाद उपलब्ध कराई गई है। ई-विकास प्रणाली के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक किसान तक समय पर और पारदर्शी तरीके से उर्वरक पहुंचाना सुनिश्चित किया जायेगा।

---



## रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर ट्राली जप्त

**ढीमरखेड़ा।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और एसडीओपी श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में और टीआई ढीमरखेड़ा अभिषेक चौबे के नेतृत्व में चौकी प्रभारी सिलौडी उनि अनिल पांडे ने बाजार भ्रमण के दौरान एक न्यू महिंद्रा टैक्टर ट्राली में अवैध रेत परिवहन कर चालक नरेंद्र चौधरी निवासी पाली के द्वारा ले जाते हुए पकड़ा गया। रेत के संबंध में चालक द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया जो सिलोंड़ी पुलिस द्वारा अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली चालक से जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने मौके पर ही ट्रैक्टर-ट्राली जप्त कर उसे चौकी परिसर में खड़ा कराया। प्रकरण में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के संबंध में खनिज अधिनियम व संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। वाहन चालक के विरुद्ध आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।चौकी प्रभारी उनि अनिल पांडे ने बताया कि रेत माफियाओं एवं अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई जारी रखेगी। किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यवाही में चौकी प्रभारी एके पांडे प्रधान आरक्षक अतुल शर्मा, आरक्षक रामसेवक विश्वकर्मा धर्मवीर सिंह की भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**

## ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की बैठक संपन्न

**दमोह।** नवांकुर संस्था जय हनुमान ग्राम विकास समिति, खजरी के तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, इमलाई में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से "ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान" एवं "संकल्प से समाधान अभियान" विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान गांव के समग्र विकास, जनभागीदारी को बढ़ाने, समस्याओं की पहचान कर समाधान निकालने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। उपस्थित वक्ताओं ने बताया इन अभियानों के माध्यम से गांव को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष रत्नेश सुमन, सदस्य राकेश पटेल, योगेश सुमन, हेमराज अहिरवाल, अजय राज व नवांकुर संस्था से राकेश राठौर, विकासखंड समन्वयक वंदना जैन तथा परामर्शदाता राहुल खरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने ग्रामीणों को अभियानों से जोड़ने और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक के अंत में ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न सुझावों पर सहमति बनी और भविष्य में नियमित बैठकों के माध्यम से प्रगति की समीक्षा करने का निर्णय लिया गया।

## दीनदयाल नगर मंडल की शक्ति केंद्रों की बैठक संपन्न

**दमोह।** दीनदयाल नगर मंडल अंतर्गत शक्ति केंद्र 09 एवं 5 की महत्वपूर्ण बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में पूर्व मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया, दीनदयाल नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अखिलेश हजारी विशेष रूप से उपस्थित रहे और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर एसआरआई मंडल प्रभारी प्रभारी संतोष रोहित, शक्ति केंद्र प्रभारी 9 हरिशंकर त्रिपाठी, पार्षद नितिन चौरसिया, कृष्णा तिवारी, मौनू राजपूत, सुरजीत सिंह, मंडल महामंत्री महेंद्र अहिरवार, नगर उपाध्यक्ष विकास जैन, नगर मंत्री राहुल पाठक, पूर्व पार्षद अशोक रोहित (भज्जू) सहित नगर सह मीडिया प्रभारी एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में संगठनात्मक विषयों, बूथ सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

### जलापूर्ति प्रणाली की नियमित और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए : एसडीएम

# दूषित जल को स्वच्छ बनाने के लिये प्रशिक्षण में बताई बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद अब जल प्रदाय की व्यवस्था और साफ-सफाई को लेकर हटा विकासखंड के पंचायत सचिव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय पाठशाला जनपद पंचायत के आजीवका मिशन के सभागार कक्ष में एसडीएम राकेश मरकाम की अध्यक्षता में प्रभारी परियोजना अधिकारी अर्पिता नाथन की उपस्थिति में लगाई गई। जिसमें जल गुणवत्ता का पाठ सिखाया गया। साथ ही बताया कि इंदौर में हुई घटना की पुनरावृत्ति न हो।

विदित हो क्षेत्र में जल प्रदूषण को रोकने और नागरिकों तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाने के संकल्प के साथ प्रशासन ने एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यशाला में विकासखंड के समस्त सचिव आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं एवं संबंधित तकनीकी कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान न केवल किताबी जानकारी दी, बल्कि व्यावहारिक अनुभव पर जोर दिया। जल विभाग से आए कर्मचारियों ने स्वयं अपने हाथों से जल परीक्षण की प्रक्रियाओं को संपन्न किया। प्रशिक्षण शिविर में भौतिक परीक्षण जल का रंग, गंध और पारदर्शिता की जांच। रासायनिक परीक्षण जल में घुले रसायनों और पीएच स्तर की सटीक माप। जीवाणु परीक्षण जिसमें पानी में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया और संदूषण की पहचान करना आदि शामिल था। प्रशिक्षण शिविर में वरिष्ठ अधिकारियों मार्गदर्शन मिला। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीएम राकेश मरकाम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्रथमिकता है इसके लिए पंचायत स्तर पर कार्यरत सचिवों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे लोगों को शुद्ध जल के उपयोग, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई तथा जल परीक्षण के प्रति जागरूक करें।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व ग्रामीण क्षेत्रों में दूषित जल से होने वाली बीमारियों से लोगों को सुरक्षित रखना तथा शुद्ध जल के उपयोग से होने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी आमजन तक पहुंचना है। कार्यक्रम के अंत में सभी को सख्त निर्देश दिए गए कि जल गुणवत्ता परीक्षण को एक अनिवार्य दैनिक प्रक्रिया बनाया जाए, यदि किसी भी स्तर पर प्रदूषण की स्थिति पाई जाती है, तो बिना देरी किए तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। प्रशिक्षण के दौरान सचिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं संबंधित विभागों के कर्मचारीयों की उपस्थिति रही।

# अनुभूतिः छात्र-छात्राओं को कराई गई सिंगौरगढ़ किला व जलाशय की सैर

### प्रकृति व वन संरक्षण का बताया गया महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



जिले के सिंग्रामपुर स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत शुक्रवार को 'अनुभूति कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को ऐतिहासिक सिंगौरगढ़ किला एवं उसके जलाशय सहित आसपास के प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को वन संपदा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। औषधीय पौधों, कीमती लकड़ियों, जंगली जीव-जंतुओं, जैव विविधता एवं पर्यावरण संतुलन के महत्व पर विस्तार से जानकारी साझा की गई। छात्र-छात्राओं ने भी जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछकर अपनी रुचि और उत्साह का परिचय दिया।

कार्यक्रम में सिंगपुर हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभागी विद्यार्थियों को सिंग्रामपुर रेंजर मनीष पटेल ने वन एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई तथा प्रशस्ति पत्रों का वितरण किया। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य स्कूली बच्चों को पर्यटन, वन, वन्यजीव संरक्षण एवं पौधरोपण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सिंगौरगढ़ दुर्ग के जलाशय तट पर आयोजित यह पहला अनुभूति कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों के लिए यादगार अनुभव बना। कार्यक्रम में प्राचार्य गोविन्द मेहरा सहित शिक्षक रामसिंह, जितेंद्र, नीतेश, नमन, श्रीमती सरिता, निशाद कुमारी, रक्षा चौरसिया की सक्रिय सहभागिता रही। साथ ही परिक्षेत्र वनाधिकारी मनीष पटेल, पीडब्ल्यूडी एडीओ श्रीमती आयुषी सचान, श्रीमती सीमा रजक, थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान, चौकी प्रभारी गणेश दुबे, नायब तहसीलदार अटल वर्मा, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, रानू नामदेव, मुलायमचंद जैन सहित समस्त वन अमले की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रवीण तिवारी, जोगेंद्र सिंह, नारायण ठाकुर, विकास, अनिल, राजेंद्र परिहार, अरविंद राय, सुरेश अहिरवार, हेमराज ठाकुर का विशेष योगदान रहा। अनुभूति कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा तथा समाज में इसके महत्व के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# टपका धाम में भव्य मेला संपन्न




**तेंदूखेड़ा/ झलौन।** गोंडवाना साम्राज्य की ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहर अति प्राचीन प्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र श्री सिद्ध बाबा धाम टपका झरना में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 14 एवं 15 जनवरी को पारंपरिक मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु, दर्शक एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। श्रद्धालुओं की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का यह मेला क्षेत्र में विशेष महत्व रखता है। यह मेला सैकड़ों वर्षों से आयोजित होता आ रहा है, जिसका संचालन गोंड राजा प्रताप सिंह जूदेव की स्मृति में ग्राम पंचायत बगदरी, तहसील तेंदूखेड़ा, में किया जाता है। वर्तमान में इस मेले का आयोजन राजा गुबरा नरेश गुलाब सिंह जूदेव एवं उनके पुत्र कुंवर सुरेंद्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में निरंतर किया जा रहा है। मेले में तेंदूखेड़ा, झलौन, तेजगढ़, हरई, दमोह, पाटन, जबेरा सहित सैकड़ों ग्रामों से श्रद्धालु एवं बड़े व्यापारी शामिल हुए। प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंवर सुनील शाह ऐडाली ने बताया कि टपका धाम में स्थित सिद्ध बाबा महाराज की कृपा अपार है। यहां एक प्राकृतिक झरना है, जहां ऊपर से निरंतर जल टपकता रहता है और नीचे कुंड में जल भरा रहता है। श्रद्धालुओं की संख्या कितनी भी अधिक हो, जल कभी समाप्त नहीं होता। इस जल का उपयोग स्नान, भोजन निर्माण एवं पेयजल के रूप में किया जाता है, जो आस्था का जीवंत उदाहरण है। युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष तिरु अनरत सिंह ऐडाली ने बताया कि सच्ची श्रद्धा से आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं सिद्ध बाबा महाराज की कृपा से पूर्ण होती हैं। मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धालु भंडारे का आयोजन कर सेवा भाव प्रदर्शित करते हैं। प्रदेश सहसचिव कौशल पोर्ते ने कहा कि यह मेला पूर्णतः ग्रामीण परिवेश और गोंडवाना संस्कृति की झलक प्रस्तुत करता है। मूलभूत सुविधाओं के अभाव के बावजूद यहां हजारों-लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति इस मेले की महत्ता को दर्शाती है। जिला सचिव महेंद्र सिंह मरकाम शिक्षक ने बताया कि मेले के दौरान दो दिनों तक "राजा साब का दरबार" सभी के लिए खुला रहता है, जहां आमजन से लेकर विशिष्ट जन राजा साब से भेंट कर क्षेत्र की खुशहाली पर चर्चा करते हैं। आयोजक एवं समिति के संरक्षक राजा गुबरा नरेश गुलाब सिंह जूदेव एवं कुंवर सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने मेले में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणजनों एवं श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

# लाडली बहना सम्मेलन का दिखाया सीधा प्रसारण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर पालिका परिषद प्रांगण में शुक्रवार की दोपहर प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के माखन नगर में मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में महिला एवं सशक्तिकरण अंतर्गत राज्य स्तरीय आयोजित कार्यक्रम कास्ट के माध्यम से प्रसारित किया गया जिसमें हटा नगर पालिका में बीडकास्ट आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक द्वारा सरस्वती पूजन कर किया गया। जहां कार्यक्रम में विधायक द्वारा लाडली बहना योजना के उद्देश्यों से उपस्थित लाडली बहनों को अवगत कराया गया। वहीं विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार अपने वादे के मुताबिक बहिनों को हर माह राशि दे रही है उन्होंने बहिनों से अपील की है कि सभी बहनें पैसे का सदुपयोग करे। मुख्यमंत्री द्वारा लाडली बहिना सम्मेलन के माध्यम से लाडली बहिनों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से 1500 रुपए की राशि का अंतरण किया गया, हटा नगरपालिका परिसर में उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा सुना गया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में पार्षद रितेश अग्रवाल युवा नेता मयंक खटीक, प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती मिनी अर्पिता नाथन, पर्यवेक्षक रूबी खान चंद्रकांति बहोत्रा, रुबीना खान, संगीता कुर्मी, संध्या साहू की उपस्थित रही।

# तेजगढ़ में एसबीआई की नई शाखा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की नई शाखा का उद्घाटन तेजगढ़ में किया गया। यह शाखा तेजगढ़–दमोह जबलपुर रोड स्थित है, जिसका विधिवत शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक विधि से किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में एसबीआई के उपमहाप्रबंधक हरे राम सींग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबंधक हरीश रघुवंशी (कटनी) ने की। इस अवसर पर तेजगढ़ शाखा प्रबंधक संदीप कुमार विश्वास, क्षेत्राधिकारी परिहस्त आनंद, कैशियर प्रदीप कुमार, सुमित सिंह ठाकुर जितेंद्र कुमार संदीप दुबे नीलेश दुबे सुदामा सेन, सहित बैंक के अधिकारी कर्मचारि।एवं क्योस्क संचालक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि नई शाखा के शुभारंभ से क्षेत्र के नागरिकों को बैंकिंग सुविधाएँ सुलभ होंगी तथा आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त शाखा प्रबंधक संदीप कुमार विस्वास के द्वारा किया गया।

# धर्म संस्कृति रीति रिवाज के प्रति आदिवासी समाज को जागरूक होना होगा



**तेंदूखेड़ा।** जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के अन्तर्गत ग्राम रिचकुडी मैं सर्व आदिवासी समाज द्वारा 7 दिवसीय कोया पुनेम धर्म दर्शन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आदिवासी समाज के साथ सर्व समाज के लोगों द्वारा भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया जा रहा है कार्यक्रम के छठवें दिवस भारी संख्या में आदिवासी समाज की उपस्थिति दर्ज की गई कार्यक्रम में धर्माचार्य गुमान शाह इनवाती द्वारा समाज के लोगों को धर्म संस्कृति रीति रिवाज के बारे में जागरुक किया जा रहा है उन्होंने बताया कि आदिवासी समाज के लोगों को अपने धर्म संस्कृति रीति रिवाज के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है आदिवासी समाज प्रकृति पूजक है तथा प्रकृति को मानने वाला है जय आदिवासी युवा शक्ति जयस प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि आदिवासी समाज के लोगों को जागरूक करने हेतु तथा समाज के नौजवान युवाओं को धर्म संस्कृति रीति रिवाज के बारे में संपूर्ण की जानकारी इस प्रकार के आयोजनों से मिलती है कोया पुनेप का उद्देश्य ही है लोगों को उनकी संस्कृति रीति रिवाज से अवगत कराना उन्होंने बताया कि आने वाले समय में आदिवासी समाज के नौजवान युवाओं को संवैधानिक अधिकारों की जानकारी हेतु छोटे-छोटे कार्यक्रम क्षेत्र में आयोजित किए जाएंगे ताकि आदिवासी समाज का नौजवान युवा संवैधानिक अधिकारों को सरल भाषा में समझ सके इस अवसर पर शीतल शाह, ववलू शाह, यशवंत करपेती, बृजेश परस्ते,गोविंद सिंह,देवी सींग, विश्वनाथ, वृन्दावन पटेल, रघुनाथ परस्ते, भागीरथ वरकड़े, संतोष धुर्वे, बुद्धू धुर्वे, गुलाव सिंह, मनोज वरकड़े, अरविंद पन्द्राम, कमलेश धुर्वे, बृजेश,कडोरी धुर्वे, गोपाल, अशोक मरकाम, मुन्ना धुर्वे,अमान सींग,सहित वड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

# सिद्ध पंडा बाबा धाम में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर से लगभग 10 किलोमीटर दूर दमोह–जबलपुर मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध सिद्ध स्थल सिद्ध पंडा बाबा धाम में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर दिनांक 14 जनवरी से 20 जनवरी तक श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया जा रहा है। इस सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण व्याप्त है।। यज्ञ में दूर-दराज से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। दिनांक 16 जनवरी को भगवान श्री लक्ष्मी नारायण का पुष्पों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन मुख्य यजमान गुड्डु दुबे एवं कमलेश साहू द्वारा किया गया। साथ ही यज्ञ मंडप का पूजन भी संपन्न हुआ। यज्ञ कर्म का संचालन प्रख्यात विद्वान पंडित आनंद कृष्ण शास्त्री रोसरा द्वारा किया जा रहा है। यज्ञ में श्री सूक्त एवं पुरुष सूक्त के मंत्रोच्चार के साथ 1000 आहुतियां अर्पित की जा रही हैं। यज्ञ आयोजन के अंतर्गत समिति द्वारा विशाल खिचड़ी प्रसाद वितरण का भी आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर समिति के सदस्य कमलेश शर्मा, भगवान सिंह सिंनगोरी, बृजेश यादव, रघुनाथ पाल , राकेश शर्मा, राजू यादव, बसंत यादव, संजय गुरु एवं सुनील साहू ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुनीत यज्ञ में सहभागिता करें। उल्लेखनीय है कि सिद्ध पंडा बाबा धाम एक प्राचीन एवं सिद्ध धार्मिक स्थल है, जहां स्थित सिद्ध झिरिया में वर्ष भर जल प्रवाहित रहता है। मान्यताओं के अनुसार अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने यहां निवास किया था। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु यज्ञ दर्शन हेतु धाम पहुंच रहे हैं। पंडा बाबा समिति ने समस्त धार्मिक बंधुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पुण्य आयोजन में भाग लें एवं धर्म लाभ अर्जित करें।

# मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने 15 सूत्रीय मांगों के लेकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब की प्रतिमा जी को 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा और बाबा साहिब के संविधान के अनुसार कर्मचारियों की मांगों का शीघ्र अति शीघ्र निराकरण करने की शासन को सद्बुद्धि देवे बाबा साहब के माध्यम से ज्ञापन सौपा। दमोह मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा दमोह द्वारा प्रांतीय आवाहन पर माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन भोपाल को प्रेषित किया गया जिला अध्यक्ष प्रमोद अहिरवार ने बताया कि मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के कर्मचारियों से संबोधित 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन सोपा गया जिसमें नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जाए भ्रत्य नाम परिवर्तन कर कार्यालय सहायक नाम किया जाए लघु वेतन कर्मचारनीय संघ को पदोन्नति का लाभ दिया जाए कर्मचारियों को वर्दी दी जाए 45000 स्थाई कर्मी कर्मचारियों को नियमित सेवा के कर्मचारियों की तरह सभी प्रकार की सुविधा दी जाए आकस्मिकसेवा के कर्मचारियों को 300 दिन का अवकाश नगदी कारण का लाभ दिया जाए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थाई कर्मी का लाभ दिया जाए समस्त विभागों में लगे अंशकालीन कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर या स्थाई कर्मी का दर्जा घोषित किया जाए कर्मचारियों का ग्रेड पेय केंद्री कर्मचारियों की तरह1800 रुपए ग्रेट पेय किया जाए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका समस्त विभागों में लगे आउटसोर्स कर्मचारी बन समिति के वनरक्षक हैं ग्राम रक्षक कोटवार वेगार प्रथा बंद करना मध्यान भोजन रसोईया एवं साझा चूल्हा रसोइयों को कम से कम 10000 रुपए वेतन दिया जाए। समस्त छात्रावासों में नियमित अंशकालीन कर्मचारियों रसोईया चौकीदार कर्मचारियों को उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कराए जाएं आदि मांगों के संबंध में ज्ञापन सौपा गया। अगर सरकार कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो उग्र आंदोलन के लिए हम बाध्य रहेंगे ज्ञापन में उपस्थित कर्मचारियों में संरक्षक शेख हनीफ खान, उप संरक्षक धरमदास रोहित, जिला सचिव अभिषेक सिंह राजपूत, उप सचिव सदन कटारया, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र अहिरवाल, उपकोषाध्यक्ष जयंत गांगरा, महासचिव देव कुमार रजक, भगवती शरण चौबे, संयुक्त सचिव राकेश प्रजापति, संयुक्त सचिव राजकुमार अहिरवार, कारकाणी सदस्य प्रहलाद अठया, राजेंद्र अहिरवार, रिंकू जाटव, अंशकालीन प्रकोष्ठ अध्यक्ष भरत सेन, जिला कार्यकारिणी सदस्य बलदेव रैकवार, देवीदीन अहिरवाल, इमाम, कृष्णा, कमलेश सेन, प्रेमलाल राजकुमार अठया, वृंदावन मेहरा, चायना बी, सपना विश्वकर्मा, राजकुमारी लोधी, मनोज तिवारी, मोती वाली लोधी, मालती अहिरवार, बालकिशन उर्मिला साहू, मुकेश गौड़, टीना, ममता ठाकुर, महेंद्र राज, ममता सीमा बाई, मक्खन सिंह, ऋषि रोहित, कृष्णा विश्वकर्मा, प्यारेलाल सोर, प्रेमलाल अहिरवार, देवकी ठाकुर, अम्नी बंसल, टीना लोधी, राजू मुन्नी बाई, हल्के भाई, रामसिंह ठाकुर, आनंदी अहिरवार, गणेश गोंड, तुलसा बाई गोड़, गुड्डी बाई, हाकम अहिरवार, आरिफ खान एवं ससमस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

### बांदकपुर मंदिर ट्रस्ट की बैठक में सुगम दर्शनों और सुरक्षा पर फोकस

# बसंत पंचमी मेला की तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थस्थल देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में आगामी 23 जनवरी को पड़ने वाले बसंत पंचमी पर्व एवं मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन और मंदिर ट्रस्ट की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारी एसडीएम आरएल बागरी,बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, मंदिर सदस्य अखिलेश चांदोरकर, अनुराग श्रीवास्तव, पंडित केदारनाथ दुबे,कुंजीलाल डिम्हा, उपयंत्री अमित अहिरवार, पटवारी आशीष साहू और सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बसंत पंचमी पर बांदकपुर में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए सुगम और सुव्यवस्थित दर्शनों की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की गई। बिजली व्यवस्था की सतत उपलब्धता और शुद्ध पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दी गई। बैठक में बांदकपुर के सभी पेयजल स्त्रोतों की जांच कराने के निर्देश दिए गए ताकि अन्य शहरों में हुई घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और श्रद्धालुओं को शुद्ध पानी निर्बाध रूप से मिल सके। मंदिर ट्रस्ट सचिव पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि इंदौर की घटना को ध्यान में रखते हुए बांदकपुर धाम के हर पेयजल स्त्रोत और हैंडपंप की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षित बिजली सप्लाई और अन्य आवश्यक सुविधाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई है। बसंत पंचमी पर्व के दिन मंदिर गर्भगृह में प्रवेश निषेध रहेगा। श्रद्धालु बाहरी स्थान से जल अर्पण कर सकेंगे। गर्भगृह में प्रवेश और जलाभिषेक की व्यवस्था पर्व के अगले दिन से सामान्य रूप से संचालित की जाएगी। मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक रामकृपाल पाठक ने बताया कि बसंत पंचमी को लेकर प्रशासन के निर्देशानुसार बैठक आयोजित की गई थी। भीड़ को देखते हुए सुगम और सुखद दर्शनों के लिए सभी विभागों को स्पष्ट कार्यदायित्व सौंप दिए गए हैं और अधिकारियों तथा कर्मचारी वर्ग को अपनी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से निभाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुरेश मेहता ने कहा कि प्रशासन और मंदिर प्रबंधन मिलकर ऐसी तैयारी कर रहे हैं जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। दर्शनों को सुगम सहज और आनंदमय बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी जारी है।

### बारदाना से लदा ट्रक पलटा

# जबेरा बाईपास का खतरनाक मोड़ बना हादसों का स्पॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा बाईपास पर गुरुवार की देर रात लगभग लगभग 2:30 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक डी एल 1 एल ए 6308 अनियंत्रित होकर के पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक में बारदाना लदा हुआ था जो की जबलपुर से बारदाना लेकर के दमोह की ओर जा रहा था की जबेरा बाईपास के अंधे मोड पर पलट गया। राहत की बात यह रही की इस भीषण दुर्घटना में ट्रक चालक पूरी तरह सुरक्षित बच गया है। चिंता की बात यह है कि इसी जगह पर 27 दिसंबर को भी दो ट्रैकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई थी यानी की एक महीने में यह दूसरी बड़ी घटना है। इसके बाद भी प्रशासन ने आज तक इस खतरनाक मोड़ पर ना ही कोई सांकेतिक बोर्ड लगाया गया है ना ही यहां स्पीड ब्रेकर है ना ही कोई चेतावनी पट्टी दी गई है। इस कारण भी दुर्घटनाएं घटित हो जाती हैं। क्योंकि एक तरफ से आने वाले वाहनों को दूसरी तरफ से आने वाले वाहन ना ही दिखाई देते हैं ना ही कोई सांकेतिक बोर्ड होने से वाहन चालक संभल नहीं पाते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाते है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मोड़ बहुत ही खतरनाक है। अतः हम प्रशासन से मांग करते है कि इस ब्लैक स्पॉट पर तुरंत सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में किसी की जान ना जाने पाये।

# नदी से निकलकर खेत में पहुंचा मगरमच्छ

## फुसकार सुन दहशत में आए किसान

### वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की टीम ने किया सफल रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



टाइगर रिजर्व के झापन रेंज अंतर्गत सोमखेड़ा गांव में शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ब्यारमा नदी से निकलकर एक विशालकाय मगरमच्छ किसान के खेत में जा पहुंचा अचानक खेत से मगरमच्छ की फुसकार सुनकर किसान दहशत में आ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमखेड़ा गांव, जो कि एक राजस्व गांव है, वहां दोपहर के समय करीब 6 फीट लंबा मगरमच्छ ब्यारमा नदी से निकलकर पास स्थित किसान के खेत में घुस गया। किसान जब रोजमर्रा के काम से अपने खेत की ओर पहुंचा, तभी उसे तेज फुसकार सुनाई दी। पहले तो वह घबरा गया, लेकिन जब पास जाकर देखा तो उसकी फसल के बीच एक बड़ा मगरमच्छ छुपकर बैठा हुआ था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए किसान ने तत्काल गांव के अन्य लोगों को सूचना दी और सभी को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी। इसके बाद रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही झापन रेंज का वन अमला मौके पर पहुंचा और लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से काबू में कर लिया गया। रेस्क्यू के दौरान विशेष सावधानी बरती गई। पकड़े गए मगरमच्छ को टाइगर रिजर्व के वाहन में सुरक्षित रूप से बांधकर वापस ब्यारमा नदी में छोड़ दिया गया। गनीमत यह रही कि समय रहते किसान की नजर मगरमच्छ पर पड़ गई, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। यदि अनजाने में किसान मगरमच्छ के अत्यधिक नजदीक चला जाता तो कोई बड़ी और दुखद घटना घटित हो सकती थी। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि नदी या जलस्त्रोतों के आसपास सतर्कता बरतें और किसी भी वन्यजीव की उपस्थिति की सूचना तत्काल विभाग को दें।

# अभाना मदिरा दुकान के लाइसेंस निलंबन कार्यवाही हेतु नोटिस जारी

**दमोह।** आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त 'अ' के प्रतिवेदन के अनुसार 08 जनवरी को वृत्त के अपराध प्रकरण में जप्तशुदा देशी मदिरा की जांच की गई। जांच में देशी मदिरा मसाला बैच नंबर 223 एवं देशी मदिरा प्लेन बैच नंबर 416 पाई गई। उक्त बैच नंबर की मदिरा के वितरण संबंधी जानकारी मद्यभांडागार दमोह एवं हटा से प्राप्त की गई, जिसके अनुसार यह मदिरा अभाना मदिरा दुकान को भी प्रदाय की गई थी। प्रकरण के आरोपी गोविंद सिंह पिता रूप सिंह लोधी ने अपने कथन में बताया कि उसने उक्त मदिरा अभाना मदिरा दुकान से अंकित यादव पिता रघुवीर यादव से प्राप्त की है। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि स्वीकृत नौकरनामा अंकित यादव द्वारा आरोपी गोविंद सिंह पिता रूप सिंह लोधी को विहित सीमा से अधिक मात्रा में मदिरा का विक्रय किया गया, जिससे वह प्रकरण में संलिप्त पाया गया है। अंकित यादव को नोटिस जारी कर आबकारी अधिनियम के तहत सह-आरोपी बनाया गया है तथा उसे धारा 41(क) एवं 41(1-क) के अंतर्गत छोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि प्रकरण की अग्रिम विवेचना में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत सेवकों के कार्यों हेतु अनुज्ञप्तिधारी के आपराधिक दायित्व के प्रावधानों के तहत अभाना मदिरा दुकान के लाइसेंसी माँ वैष्णो देवी एंड कंपनी को भी आरोपी बनाया गया है एवं प्रकरण में धारा 44 का इजाफा किया गया है। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के अनुसार राज्य शासन द्वारा अधिसूचना जारी कर फुटकर विक्रय की सीमा निर्धारित की गई है। मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्यिक कर विभाग की 04 जुलाई 1959 की अधिसूचना के अनुसार देशी मदिरा की फुटकर विक्रय की अधिकतम सीमा 1500 मिलीलीटर निर्धारित है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि उक्त प्रकरण में जप्तशुदा मदिरा की मात्रा विहित फुटकर विक्रय सीमा से अधिक पाई गई है। इस आधार पर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभाना मदिरा दुकान का लाइसेंस निलंबित किए जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

# महिला साइकिल मैराथन से बुंदेली मेला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित बुंदेली मेला के प्रथम दिवस का शुभारंभ उत्साह और उल्लास के साथ हुआ। सुबह से ही मिशन ग्रीन अभियान के अंतर्गत महिला साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें दमोह शहर के विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। यह साइकिल मैराथन शहर के प्रमुख मार्गों किल्लाई नाका, तीनगुल्ली, स्टेशन चौराहा एवं घंटाघर से होती हुई बुंदेली मेला परिसर तहसील ग्राउंड में संपन्न हुई।

दोपहर के समय बुंदेली मेला का विधिवत शुभारंभ मध्य प्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री लखन पटेल एवं मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैयाके मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर , न्यास संरक्षक सिद्धार्थ मलैया, मेला पदाधिकारी विवेक शेंडे, श्री प्रभात सेठ, कैप्टन बाधवा, अखिलेश हजारी सहित समिति से जुड़े अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। मंत्री श्री लखन पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि बुंदेली गौरव न्यास द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला यह मेला बुंदेली संस्कृति, परंपरा और विरासत को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है।

उन्होंने न्यास को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मेला निरंतर प्रत्येक वर्ष इसी तरह आयोजित होता रहे। इसके पश्चात एमपी यूथ गेम्स 2026 (मध्य प्रदेश का ओलंपिक) के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा बुंदेली गौरव न्यास समिति के संयुक्त तत्वाधान में तहसील ग्राउंड बुंदेली मेला परिसर में कबड्डी, पिट्ठू, रस्साकसी, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में जिले के सातों विकासखंडों से आए लगभग 400 बालक एवं बालिकाओं ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इसी क्रम में दिनांक 17, 18 एवं 19 जनवरी 2026 को तहसील ग्राउंड बुंदेली मेला एवं अन्य मैदानों पर खो-खो, एथलेटिक्स, शतरंज, फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, कुश्ती, जूडो, ताइक्वांडो, बैडमिंटन, क्रिकेट, टेबल टेनिस, योगासन सहित अन्य खेलों का आयोजन किया जाएगा। शाम के समय लोकल आर्केस्ट्रा द्वारा फिल्मी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसके बाद भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिससे मेला परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया।

# लाडली बहनों के खाते में आए 1500 रुपये





**पटेरा।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के क्रियान्वयन को लेकर आज पटेरा नगर परिषद द्वारा स्थानीय मंगल भवन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस 'आनंद उत्सव' कार्यक्रम में नगर परिषद के अधिकारी और जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे, जहाँ मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की बहनों को दी जाने वाली योजना की 32वीं किस्त का सीधा प्रसारण देखा गया। आज के कार्यक्रम में नगर परिषद पटेरा की हितग्राही महिलाओं को बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके खातों में 1500 रुपये की राशि अंतरित कर दी गई है। इसके साथ ही सरकार द्वारा दी जाने वाली गैस सब्सिडी की राशि भी सीधे खातों में भेजी गई। राशि प्राप्त होने पर उपस्थित महिलाओं ने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवार, नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, नगर परिषद सीएमओ प्रेम सिंह चौहान एवं महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिल जैन मौजूद रहे। अधिकारियों ने महिलाओं को योजना के लाभ और आगामी प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि इस राशि से महिलाओं को अपनी छोटी-मोटी जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। नगर परिषद द्वारा आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाडली बहना, नगर परिषद का स्टाफ और महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए सीखें जरूरी टिप्स

**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं उनके समग्र कल्याण हेतु फैकल्टी एवं स्टॉफ प्रशिक्षण सह कार्यशाला का जिला स्तरीय आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आलोक कुमार जैन के निर्देश और प्रभारी प्राचार्य डॉ.पी.के.जैन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उक्त कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ.अभिजीत त्रिपाठी मनोचिकित्सक, जिला चिकित्सालय दमोह, सुश्री विधि गुप्ता उमंग काउंसलर, सुश्री मंजु मसकोले, मनकक्ष प्रभारी उपस्थित रहे। डॉ.अभिजीत त्रिपाठी ने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं उनके समग्र कल्याण पर विस्तार पूर्वक अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ.रमेश प्रसाद.अहरवाल, सहा.प्रा.गणित प्रस्तुत की, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नेहा जैन सहा.प्रा.प्राणीशास्त्र ने पी.पी.टी. के माध्यम से विभिन्न महाविद्यालयों में एन.टी.एफ. के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.एस.के.अग्रवाल, डॉ.आर.के.व्यास, डॉ.जी.पी.अहिरवार, डॉ.एन.आर.सुमन, एवं विभिन्न महाविद्यालयों से आये हुये एनटीएफ प्रभारी तथा महाविद्यालय के फैकल्टी मेम्वर्स एवं पर्याप्त संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.रमेश प्रसाद अहरवाल एवं कार्यक्रम का आभार श्रीमती कंचन प्रजापति ने व्यक्त किया।

# कार्ययोजना बनाकर इस ऐतिहासिक धरोहर को सहेजने का कार्य किया जाएगा- कलेक्टर

### ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के लिए समाजसेवी संस्थाओं की पहल,25-26 जनवरी को होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कोचर ने बताया कि टाउन हॉल दमोह शहर की एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर है, जिसे संरक्षित रखना और उसका सकारात्मक उपयोग करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके संरक्षण और उपयोग के लिए शहर की समाजसेवी एवं सांस्कृतिक संस्थाएं आगे आई हैं। उनके आग्रह पर टाउन हॉल का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया आगामी 25 या 26 जनवरी को टाउन हॉल परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम यहां आयोजित किए जाएंगे। टाउन हॉल के जीर्णोद्धार के लिए सांसद एवं विधायक द्वारा भी सहयोग की बात कही है। सभी के सहयोग से पर्यटन विकास को ध्यान में रखते हुए एक कार्ययोजना बनाकर इस ऐतिहासिक धरोहर को सहेजने का कार्य किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि शहीद स्मारक की गरिमा वर्तमान में प्रभावित हो रही है। इस संबंध में सभी से चर्चा कर सहमति बनाई जाएगी और शहीद स्मारक को प्रसाधन स्थल के समीप से हटाकर बेलाताल में सुरक्षित रूप से स्थापित किया जाएगा, ताकि उसकी गरिमा बनी रहे। उन्होंने कहा नालियों के बंद होने से पानी सड़कों तक पहुंच रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए स्वच्छता टीम को मौके का निरीक्षण कर समुचित सफाई एवं सुधार की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए है।

# शिकायतों के बाद भी नहीं हुआ नवनिर्मित टॉयलेटों में सुधार



**गैसाबाद।** पैसा पूरा काम अधूरा की तर्ज पर ग्राम गैसाबाद के उप स्वास्थ्य केंद्र के सामने एवं वलैह रोड पर ग्राम पंचायत द्वारा ठेका पर देकर बनाए गए। टॉयलेट लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी अन उपयोगी साबित हो रहे हैं। इन टॉयलेटों का मुसाफिर उपयोग भी नहीं कर पा रहे, प्राप्त जानकारी अनुसार पंचायत द्वारा एक निजी व्यक्ति को टॉयलेट बनाए जाने का ठेका दिया गया था। ठेकेदार द्वारा टॉयलेट शासन के दिशा निर्देश मुताबिक नहीं बनाए गए हैं। ऐसा ग्रामीणों का आरोप है ग्रामीण जन बताते हैं कि टॉयलेट इतने छोटे हैं कि व्यक्ति उसके अंदर ठीक तरह से खड़े भी नहीं हो पता है ना तो अंदर टाइल्स लगाए गए हैं और ना ही यूनियन लगाया गया है। पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिसके के कारण लोग गंदगी और बदबू से परेशान होते हैं। बलैह रोड आजाद चौक के पास जो टॉयलेट बनाया गया है। उसकी दिवाले नहीं बनाई गई बहुत पुरानी बनी पानी की टंकी को काटकर उसी में आगे दीवाल बनाकर छोटे-छोटे दरवाजे रख दिए गए हैं। बरसों इंतजार के बाद बनाए गए टॉयलेट आम जनता के लिए अन उपयोगी साबित हो रहे हैं। इस विषय पर कई बार पंचायत प्रशासन से चर्चा भी की गई हर बार सरपंच सचिव का यही जवाब होता हैं कि शीघ्र ही टॉयलेटों का सुधार कर पानी की व्यवस्था कराई जाएगी, लेकिन अफसोस आज तक कोई व्यवस्था नहीं की गई ग्रामीण जनों ने आधे अधूरे बने टॉयलेटों में सुधार किए जाने की मांग की है।

# जबेरा डाकघर चल रहा भगवान भरोसे

**जबेरा।** भारतीय डाक विभाग द्वारा संचालित सब पोस्ट ऑफिस जबेरा में विगत 3 वर्षों से इस कदर की लापरवाही चल रही है कि किसी भी ग्रामवासी को यह पता नहीं है की पोस्ट ऑफिस कितने बजे खुलता है तथा कितने बजे बंद हो जाता है कोई भी जिम्मेवार अधिकारी कर्मचारी पोस्ट ऑफिस में मौजूद नहीं रहता है प्रभारी स्वयं दमोह से अप डाउन कर रहे हैं सारी व्यवस्थाएं प्राइवेट लोग संभाल रहे है, जबेरा नगर के पोस्टमैन का यह आलम है कि लोगों के जरूरी डॉक्यूमेंट आधार कार्ड ,एटीएम, चेक बुक, परिचय पत्र आदि जरूरी दस्तावेजों के लिए नागरिक स्वयं पोस्ट ऑफिस के 10-10 चक्कर काटते है परंतु किसी भी व्यक्ति को उसके जरूरी डॉक्यूमेंट प्रदान तो नहीं किए जाते हैं तथा उसे बताया जाता है कि अभी पोस्टमैन है नहीं कभी कहा जाता है साहिब नहीं है कभी कहते है कि बैग में है अभी बैग खुला नहीं है इसी तरह टाल मटोल करते हुए 10 से 15 बार में व्यक्ति हार थक कर के पोस्ट ऑफिस जाना ही बंद कर देता है। नियमानुसार पोस्टमैन की जवाब दे ही होती है की वह व्यक्ति को किसी भी प्रकार की डाक हो उनके पते पर पहुंच करके की प्रदा न करे परंतु यहां पर पदस्थ पोस्टमैन अपने आपको संभागीय अधीक्षक मानते है तथा किसी के भी घर जाकर के डाक देने में अपनी तोहीन समझते है। विगत माह दिसंबर में भी इस प्रकार की खबर प्रकाशित हुई थी परंतु आज दिनांक तक पदस्थ किसी भी कर्मचारी की कार्य प्रणाली में कोई सुधार नहीं आया है। अतः ग्राम के जागरूक नागरिकों के साथ समस्त ग्राम वासियों की मांग है कि या तो जबेरा में पोस्ट ऑफिस का संचालन ही बंद कर दिया जावे या फिर यहां पर पदस्थ कर्मचारियों को अलग-अलग स्थान पर स्थानांतरित कर दिया जावे ताकि यह सभी एक साथ किसी भी स्थान पर ना रहे ताकि ये किसी अन्य पोस्ट ऑफिस को इस प्रकार की भर्राशाही का स्थान बना पाएं।

# खैरी, मड़ला एवं अदौल्या पहुँच मार्ग का हुआ भूमिपूजन



**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री श्री लखन पटेल ने 03 करोड़ 11 लाख की लागत से 2.60 किलोमीटर लंबा खैरी, मड़ला एवं अदौल्या पहुँच मार्ग के भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया ने तिल संक्रांति के अवसर पर बुजुर्गजनों, विभिन्न गांवों से आए किसान भाइयों, बहनों एवं बेटियों को तिल संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। श्री मलैया ने कहा बुंदेलखंड क्षेत्र में यह पर्व विशेष उत्साह और परंपरागत तरीके से मनाया जाता है।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की मूर्ति की स्थापना





### नगर के प्रमुख मार्गों पर शोभा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 649 वें महाप्रकाश पर्व पर नगर हिंडोरिया मे संभाग भर के अहिरवार समाज के द्वारा थाना मुहल्ला स्थित मंदिर मे गुरु रविदास जी की नव निर्मित मूर्ति की स्थापना की गई। साथ ही नगर के मुख्य मार्गों से गुरु रविदास जी की झांकी, डीजे, बाजेगाजे, झण्डा के साथ भव्य कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई। मूर्ति स्थापना एवं अनावरण आचार्य रामदयाल शास्त्री रविदासिया धर्म संगठन के महान राष्ट्रीय प्रचारक के द्वारा किया गया। एवं गुरु अमृतवाणी को मंच पर असित किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या मे सकल अहिरवार समाज एवं अन्य वर्गों के महिला- पुरुष, बच्चे एवं वृध्द श्रृध्दालुजन मौजूद रहे। आज शनिवार को दोपहर 12 बजे से शाम 06 बजे तक श्री गुरु अमृतवाणी कार्यक्रम होगा। आयोजक नगर अहिरवार समाज ने सभी श्रृध्दालुजन से समय पर पधारकर पुण्य अर्जित करने की अपील की है।

### वन विभाग ने हाथ खींचे, ग्रामीण पूछ रहे मुक्ति कब मिलेगी

# लाल मुंह के बंदर संरक्षित सूची से हटे अब गांवों में आतंक बच्चों पर हमले तेज



**सिंग्रामपुर।** दमोह जिले के सिंग्रामपुर गांव में लाल मुंह के बंदरों का कहर लगातार बढ़ रहा है। घर की छतों से लेकर रसोई और आंगन तक बंदरों के झुंड घुसपैठ कर रहे हैं। महिलाएं और बच्चे इनके सीधे निशाने पर बने हुए हैं। स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र में भी भय का माहौल है। गांव के तीन वर्षीय मासूम विनायक मेहरा पर दो बंदरों ने अचानक हमला कर दिया। बच्चा अपने ही आंगन में खेल रहा था जब बंदरों ने झपट कर उसके दाहिने पैर पर काट लिया। घाव गहरे थे लेकिन परिवार ने तत्काल उसे जबेरा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि बच्चे की हालत फिलहाल सुरक्षित है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहला मामला नहीं है। करीब दो महीने पहले भी इसी गांव में पांच साल की बच्ची पर बंदरों ने हमला किया और गंभीर घाव किए थे। तब भी वन विभाग को सूचना दी गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई जिससे स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। सरकार द्वारा लाल मुंह के बंदरों को वन्य प्राणी संरक्षण सूची से हटाए जाने के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं। पहले वन विभाग इन बंदरों को पकड़ने और जंगलों में छोड़ने की जिम्मेदारी निभाता था। लेकिन अब विभाग स्पष्ट रूप से कह रहा है कि यह उसकी जिम्मेदारी नहीं रही इससे ग्रामीणों का भरोसा टूट गया है और स्थिति नियंत्रण से बाहर लग रही है। गांव वालों का कहना है कि पंचायत भी इस समस्या से निपटने में पूरी तरह बेजान साबित हो रही है। न धन है न साधन और न प्रशासन का सहयोग, बंदरों के बढ़ते हमलों से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और ग्रामीण पूछ रहे हैं कि आखिर इस संकट से मुक्ति कब मिलेगी। ग्राम पंचायत सचिव राकेश सिंह का कहना है कि गांव में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है और कई बच्चे घायल हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत की ओर से जनपद कार्यालय में आवेदन कर बंदरों को पकड़ने के लिए रेस्क्यू टीम बुलाने का आग्रह किया गया है। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। वहीं दमोह के डीएफओ ईश्वर जरांडे ने कहा कि लाल मुंह के बंदरों को संरक्षित सूची से हटाए जाने के बाद विभाग की जिम्मेदारी इस मामले में खत्म हो गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब इन बंदरों को पकड़ने के लिए स्थानीय निकायों को विशेषज्ञ टीम बुलानी होगी और पूरा खर्च उन्हें ही वहन करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्दी समाधान नहीं निकला और बंदरों को गांव से हटाने का अभियान नहीं चला। तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। सिंग्रामपुर के लोगों की मांग है कि या तो सरकार जिम्मेदारी स्पष्ट करे और मदद मुहैया कराए। या फिर लाल मुंह के बंदरों को वन्य प्राणी संरक्षण सूची में दोबारा शामिल किया जाए। क्योंकि जानमाल की सुरक्षा अब खतरे में है और गांव का हर परिवार डरा हुआ है।